उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 (उपनल)
Uttarakhand Purv Sainik Kalyan Nigam Ltd. (UPNL)
(Undertaking of Uttarakhand Government)
CIN-U91200UR2004SGC028357
Andaman Road, Garhi Cantt Dehradun -248003, Ph: 0135-2752178,0135-2750913, Fax: 0135-2754041
Website - www.upnl.co.in, E-mail : itsection@upnl.net, salary@upnl.co.in

पत्रांक : आई0टी0 अनुभाग / उपनल | दिनॉक 01 मार्च 2024

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष
उत्तराखण्ड।

विषय : विभागों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से वेतन बिल उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

1. संज्ञान में लाना है कि अगस्त, 2022 से उपनल कार्यालय में पंजीकृत 1300 से अधिक विभागों को उपनल द्वारा संविदा कार्मिकों के वेतन बीजक/बिल दिन के अतं तक ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध करवाये जा रहें है जिससे पंजीकृत विभागों को वेतन बिल त्वरित गति से प्राप्त हो रहें। पंजीकृत विभागों से वेतन बिलों की भुगतान करने की सूचना भी उक्त पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रारुप में उपनल कार्यालय द्वारा प्राप्त की जा रही है जिससे उपनल द्वारा कार्मिकों को स–समय वेतन का भुगतान किया जा रहा है।

2. उपनल कार्मिकों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण के लिए उक्त पोर्टल पर ही शिकायत या सुझाव दर्ज करने की सुविधा भी उपलब्ध करवायी जा रही है जिससे उपनल कार्मिकों की वेतन, बीजक व अन्य प्रकार की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जा रहा है।

3. पोर्टल के माध्यम से विभागों को उपनल कार्मिकों के वेतन बिल व अन्य सुविधाऐं उपलब्ध करवाने के लिए उपनल द्वारा सभी विभागों को **यूजर आई0डी0 तथा अस्थाई पासवर्ड** दिया जा रहा है जिसके लिए विभागों से निम्नलिखित जानकारी कार्यालय के लेटर हेड पर यथाशीघ्र **itsection@upnl.net एवं डाक द्वारा आई0टी0 अनुभाग उपनल मुख्यालय देहरादून** को उपलब्ध कराना जरुरी हैं :–

(क) विभाग / कार्यालय का नाम

(ख) विभाग / कार्यालय का पता

(ग) विभाग/ कार्यालय की ई0मेल0 आई0डी0

(घ) विभाग / कार्यालय का फोन न0

(ड़) पोर्टल पर कार्य करने हेतु अधिकृत अधिकारी /कर्मचारी का नाम, पद और फोन न0

4. अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त जानकारी यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे आपके विभाग के लिए ऑनलाइन ई0 पोर्टल को जल्द से जल्द कार्यान्वित किया जा सके।

Uttarakhand Purv Sainik Kalyan Nigam Ltd. Dehradun

भवदीय

कर्नल राजेश नेगी (अ0प्रा0)
उप–महाप्रबन्धक